## कविता

15

# मासूम सवाल

अजीत होरो*

अम्मा मुझको ये बतलाओ...

अम्मा मुझको ये बतलाओ
कैसे खिल जाते हैं फूल
पंख नहीं होते हैं फिर भी
कैसे उड़ जाती है धूल? ।1।

सूरज दिखता बड़ा बल्ब-सा
क्या बिजली से जलता है?
पौधा क्यों बन जाता पेड़
फल, उसमें कैसे लगता है? ।2।

हो जाती जब रात आसमाँ
तारों से भर जाता है
महीने में एक दिन ये चंदा
छुट्टी पर क्यों जाता है? ।3।

टिमटिमाते हुए ये तारे
मन को बहुत सुहाते हैं
पर, कौन थामता उन्हें हवा में
गिर वे क्यों नहीं जाते हैं? ।4।

होती है जब वर्षा उसका
जल कहाँ से आता है?
सागर में गिरती हैं नदियाँ
भर वो क्यों नहीं जाता है? ।5।

*ऑडियो-रेडियो प्रोड्यूसर (सेवानिवृत्त), सी.आई.ई.टी., रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली 110 016

वर्षा की जब बूँदें टप-टप
धरती पर गिर आती हैं
मिट्टी में तब भीनी सोंधी
महक कहाँ से आती है? ।6।

वर्षा होती है जब रिमझिम
करती घटाएँ अद्‌भुत खेल
नभ में तब सुंदर सतरंगा
इंद्रधनुष क्यों आता है? ।7।

कहा-सुना अनेकों बार
मछली जल की रानी है
मन में मेरे प्रश्न है
क्यों जीवन उसका पानी है? ।8।

होती है जब सुबह तो पंछी
मधुर स्वरों में गाते हैं
लेकिन जब चढ़ता है सूरज
वे चुप क्यों हो जाते हैं? ।9।

क्यों उड़ जाती है चिड़िया
मैं क्यों उड़ नहीं पाता हूँ
सूरज जाता रात कहाँ है
सुबह कहाँ से आता है? ।10।